भारतीय मानक ब्यूरो
ureau of Indian Standards

वार्षिक रिपोर्ट
Annual Report
2010-2011

Standards make the world accessible for all



ब्यूरो के प्रधान अधिकारी, कार्यकारिणी समिति और महानिदेशालय (31 मार्च 2011 को)
PRINCIPAL OFFICERS OF BUREAU, EXECUTIVE COMMITTEE AND THE DIRECTORATE GENERAL (as on 31 March 2011)

भारतीय मानक ब्यूरो BUREAU OF INDIAN STANDARDS

अध्यक्ष	President	प्रो० के० वी० थॉमस उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)	**Prof. K. V. Thomas** Minister of State for Consumer Affairs, Food and Public Distribution (Independent Charge)
अध्यक्ष, कार्यकारिणी समिति	Chairman, Executive Committee	श्री शरद गुप्ता महानिदेशक, भा मा ब्यूरो	**Shri Sharad Gupta** Director General, BIS

भा मा ब्यूरो महानिदेशालय BIS DIRECTORATE GENERAL

मुख्यालय Headquarters

महानिदेशक	**Director General**	श्री शरद गुप्ता	**Shri Sharad Gupta**
अपर महानिदेशक	**Additional Director General**	श्री अलिन्द चन्द्रा	**Shri Alinda Chandra**
अपर महानिदेशक	**Additional Director General**	श्रीमती अल्का पंडा	**Smt. Alka Panda**

वैज्ञानिक 'जी' एवं प्रमुख	**Scientist 'G' & Chief**		
मानकीकरण	Standardization	श्री पी० के० गम्भीर	Shri P. K. Gambhir
प्रमाणन	Certification	श्री सी० के० माहेश्वरी	Shri C. K. Maheshwari
प्रयोगशाला	Laboratory	श्री डी० के० नैय्यर	Shri D. K. Nayyar
मुख्य सतर्कता अधिकारी	**Chief Vigilance Officer**	श्रीमती हरजोत कौर	Smt. Harjot Kaur

उप महानिदेशक	**Deputy Director General**		
प्रशासन	Administration	श्री अमिताभ सिन्हा	Shri Amitav Sinha
वित्त	Finance	श्री एच० आर० आहूजा	Shri H. R. Ahuja

वैज्ञानिक 'एफ' (उप महानिदेशक)	**Scientist 'F' (Deputy Director General)**		
प्रशिक्षण संस्थान	Training Institute	श्रीमती मधुलिका प्रकाश	Smt. Madhulika Prakash
हॉलमार्किंग	Hallmarking	श्रीमती परमिन्दर बजाज	Smt. Parminder Bajaj
परियोजना, योजना और समन्वय	Project, Planning & Co-ordination	डा०(श्रीमती) स्नेह भाटला	Dr. (Smt.) Sneh Bhatla
प्रवर्तन	Enforcement	श्री एस० के० खन्ना	Shri S. K. Khanna

क्षेत्रीय कार्यालय Regional Offices

वैज्ञानिक 'एफ' (उप महानिदेशक)	**Scientist 'F' (Deputy Director General)**		
मध्य क्षेत्र	Central Region	श्री पी० के० बत्रा	Shri P. K. Batra
पश्चिमी क्षेत्र	Western Region	श्री पी० सेनगुप्ता	Shri P. Sengupta
पूर्वी क्षेत्र	Eastern Region	डा० डी० के० चौधुरी	Dr. D. K. Chaudhuri
दक्षिणी क्षेत्र	Southern Region	श्री के० अनबुरासु	Shri K. Anbarasu
उत्तरी क्षेत्र	Nothern Region	श्रीमती के० के० नारंग	Smt. K. K. Narang

वार्षिक रिपोर्ट
ANNUAL REPORT
2010 - 11

मानकः पथप्रदर्शकः

भारतीय मानक ब्यूरो
BUREAU OF INDIAN STANDARDS

विषय सूची
CONTENTS

क्र० सं०	विषय	पृष्ठ संख्या
1.	सिंहावलोकन Overview	1
2.	मानक Standards	4
3.	प्रमाणन Certification	40
4.	प्रयोगशाला सेवाएँ Laboratory Services	49
5.	सतर्कता गतिविधियाँ Vigilance Activities	51
6.	तकनीकी सूचना सेवाएँ Technical Information Services	53
7.	प्रशिक्षण सेवाएँ Training Services	55
8.	उपभोक्ता संबंधी गतिविधियाँ Consumer Related Activities	56
9.	ग्यारहवीं योजना XIth Plan	58
10.	अंतर्राष्ट्रीय गतिविधियाँ International Activities	62
11.	कंप्यूटरीकरण एवं कार्यालय स्वचालन समृद्ध आईटी ढाँचा Computerization and Office Automation Enrich IT Infrastructure	66
12.	परियोजना प्रबंधन Project Management	67
13.	मानव संसाधन विकास Human Resource Development	68
14.	वित्त, लेखा और लेखा परीक्षा Finance, Accounts and Audit	69

सिंहावलोकन
OVERVIEW

भारतीय मानक ब्यूरो (भा मा ब्यूरो) पूर्व में भारतीय मानक संस्थान (आई एस आई) के कर्मचारियों, परिसम्पत्तियों, देयताओं और प्रकार्यों का अधिग्रहण करके एक व्यापक कार्य-क्षेत्र तथा अधिक शक्तियाँ सहित 26 नवम्बर, 1986 के संसद के एक अधिनियम के माध्यम से 1 अप्रैल, 1987 को अस्तित्त्व में आया। यह परिवर्तन सरकार ने राष्ट्रीय मानकों के निर्धारण और कार्यान्वयन में गुणता संस्कृति और चेतना लाने तथा उपभोक्ताओं की अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने का वातावरण बनाने की दृष्टि से किया।

ब्यूरो 25 सदस्यों का एक कार्पोरेट निकाय है। उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण राज्य मंत्री इसके अध्यक्ष हैं। केन्द्र एवं राज्य, दोनों सरकारों के प्रतिनिधि, सांसद, उद्योग, वैज्ञानिक एवं अनुसंधान संस्थानों, उपभोक्ता संगठनों और व्यावसायिक निकायों के प्रतिनिधि इसके सदस्य हैं।

ब्यूरो की 19 वीं बैठक 18 जनवरी, 2011 को आयोजित की गई। नई नीति/निर्देशों के कार्यान्वयन में भा मा ब्यूरो को सलाह देने के लिए वर्ष के दौरान कार्यकारी समिति की छह बैठकें आयोजित हुई, जबकि वर्ष के दौरान वित्त समिति की तीन बैठकें आयोजित की गई।

भा मा ब्यूरो की संरचना तीसरे कवर पृष्ठ पर दी गई है।

संगठनात्मक नेटवर्क

ब्यूरो का मुख्यालय, नई दिल्ली में है तथा कोलकता (पूर्वी), चेन्नै (दक्षिणी), मुंबई (पश्चिमी), चंडीगढ़ (उत्तरी) और दिल्ली (मध्य) में 5 क्षेत्रीय कार्यालय हैं। अहमदाबाद, बैंगलुरु, भुवनेश्वर, भोपाल, कोयम्बटूर, देहरादून, फरीदाबाद, गाजियाबाद, गुवाहाटी, हैदराबाद, जयपुर, कानपुर, लखनऊ, नागपुर, परवानू, पटना, पुणे, राजकोट, तिरूवनन्तपुरम एवं विशाखापटनम् स्थित शाखा कार्यालय क्षेत्रीय कार्यालयों के तहत् हैं, जो क्षेत्र में राज्य सरकारों, उद्योगों, तकनीकी संस्थाओं, उपभोक्ता संगठनों आदि के बीच प्रभावी कड़ी के रूप में कार्य करते हैं।

गतिविधियाँ

भा मा ब्यूरो की गतिविधियों को मुख्य रूप से निम्नलिखित शीर्षों के अंतर्गत रखा जा सकता है:

क) मानक निर्धारण
ख) प्रमाणन: उत्पाद, हॉलमार्किंग तथा पद्धतियाँ
ग) प्रयोगशाला सेवाएँ
घ) भारतीय मानकों तथा अन्य प्रकाशनों की बिक्री
ड) अंतर्राष्ट्रीय गतिविधियाँ
च) उपभोक्ता संबंधी गतिविधियाँ
छ) संवर्धन गतिविधियाँ

Bureau of Indian Standards (BIS) came into existence, through an Act of Parliament dated 26 November 1986, on 1 April 1987, with a broadened scope and more powers taking over the staff, assets, liabilities and functions of erstwhile Indian Standards Institution (ISI). Through this change over, the government envisaged building a climate for quality culture and consciousness and greater participation of consumers in formulation and implementation of National Standards.

The Bureau is a Body Corporate consisting of 25 members representing both Central and State governments, Members of Parliament, industry, scientific and research institutions, consumer organizations and professional bodies with Minister of State for Consumer Affairs, Food and Public Distribution as its President.

Nineteenth meeting of the Bureau was organized on 18 January 2011. The Executive Committee had six meetings during the year to advise BIS in implementation of new policy/directives while the Financial Committee met thrice during the year.

The structure of BIS is given on the third cover page.

Organizational Network

BIS has its Headquarters at New Delhi and its 5 Regional Offices (ROs) are at Kolkata (Eastern), Chennai (Southern), Mumbai (Western), Chandigarh (Northern) and Delhi (Central). Under the Regional Offices are the Branch Offices (BOs) located at Ahmedabad, Bengaluru, Bhubaneswar, Bhopal, Coimbatore, Dehradun, Faridabad, Ghaziabad, Guwahati, Hyderabad, Jaipur, Kanpur, Lucknow, Nagpur, Parwanoo, Patna, Pune, Rajkot, Thiruvananthapuram and Vishakhapatnam which serve as effective link between State Governments, industries, technical institutions, consumer organizations, etc, of the region.

Activities

The activities of BIS can be broadly grouped under the following heads:

a) Standards Formulation
b) Certification : Product, Hallmarking and Systems
c) Laboratory Services
d) Sales of Indian Standards and Other Publications
e) International Activities
f) Consumer Related Activities
g) Promotional Activities

ज) प्रशिक्षण सेवाएँ

झ) सूचना सेवाएँ

त्र) वित्तीय, संसाधन — संग्रहण और उपयोग आदि

भारतीय मानक ब्यूरो ने 2010-11में चहुँमुखी प्रगति बनाए रखी है। ब्यूरो ने कुल रू० 23656.86 लाख की आय अर्जित कर पिछले वर्ष की रू० 22350.36 लाख की आय की तुलना में 14.20 प्रतिशत बढ़ोतरी दर्ज की। भा० मा० ब्यूरो अपने व्यय और देयताओं का वहन करते हुए लगातार बाईस वर्षों से आत्मनिर्भर बना हुआ है।

2010-11 की कुछ प्रमुख उपलब्धियाँ इस प्रकार हैं:

- अवधि के दौरान विभिन्न व्यापक विषयों पर 338 भारतीय मानकों का निर्धारण किया गया। इनमें से कुछ महत्वपूर्ण (नए एवं संशोधित) मानक हैं:
  - अच्छी कृषि रीतियों की अपेक्षाएँ — इंडिया गैप: भाग 1 कृषि आधारित,
  - बम्बू के ढाँचागत डिजाइन — रीति संहिता,
  - जोखिम प्रबंधन — सिद्धांत एवं मार्गदर्शी सिद्धांत,
  - भूकम्प प्रतिरोधी डिजाइन एवं भवनों का निर्माण — रीति संहिता,
  - शिक्षण संस्थानों में आग से सुरक्षा — रीति संहिता,
  - होटलों में आग से सुरक्षा — रीति संहिता,
  - राष्ट्रीय प्रकाश व्यवस्था संहिता — 2010,
  - राष्ट्रीय विद्युत संहिता — 2011,
  - हाईवे के लिए भू-संश्लिष्ट — विशिष्टि,
  - पॉवर हाउस स्थलों के लिए भू-तकनीकी अन्वेषण — रीति संहिता।

31 मार्च, 2011 तक कुल 18610 मानक लागू थे।

- 31 मार्च, 2011 तक कुल 4787 भारतीय मानकों को अंतर्राष्ट्रीय मानकों के साथ सुमेलित किया जा चुका है। जहाँ आईएसओ/आईईसी के संगत मानक उपलब्ध हैं। उन मानकों की संख्या ध्यान में रखते हुए लगभग 82 प्रतिशत भारतीय मानकों को सुमेलित किया जा चुका है।
- विचाराधीन अवधि के दौरान 3151 उत्पाद प्रमाणन लाइसेंस प्रदान किए गए। 31 मार्च, 2010 तक (हॉल-मार्किंग को छोडकर) कुल 24145 लाइसेंस प्रचालन में थे।
- वर्ष के दौरान 5 नए उत्पादों को पहली बार प्रमाणन योजना के अंतर्गत शामिल किया गया। ये उत्पाद हैं: ओपन एंडिड स्लगिंग रेचिंग (स्पेन्नर्स) - आईएस 4508, रिंग स्लगिंग रेचिंज (स्पेन्नर्स) - आईएस 4509, प्रेस्ड सेरामिक टाइल्स - आईएस 15265, फ्लेक्सिब्ल पीवीसी पाइप - आईएस 15622, उच्च घनत्व पोलीइथाइलीन (एच डी पी ई) वर्मिन कल्चर के लिए गुम्फित बेड - आईएस 15907।

h) Training Services

i) Information Services

j) Financial, Resources — Mobilization and Utilization etc

Bureau of Indian Standards has maintained the all round progress during the year 2010-11. It recorded a total income (including interest) of ₹ 23656.86 lakhs and a growth of 14.20 percent over the income in the previous year which was ₹ 22350.36 lakhs. For the twenty second consecutive year, BIS continued to be self reliant in meeting its expenditure and other liabilities

The highlights of achievements during 2010-11 are:

- 338 Indian Standards covering wide range of subjects were formulated during this period. Some important standards (new and revised) formulated are:
  - Requirements for good agricultural practices — IndiaGAP: Part 1 Crop base,
  - Structural Design Using Bamboo — Code of Practice,
  - Risk Management — Principles and guidelines,
  - Earthquake Resistant Design and Construction of Buildings — Code of Practice,
  - Fire Safety in Educational Institutions — Code of Practice,
  - Fire Safety in Hotels — Code of Practice,
  - National Lighting Code — 2010,
  - National Electrical Code — 2011,
  - Geo-synthetics for Highways — Specification,
  - Geotechnical Investigation for Powerhouse Sites — Code of Practice,

The total number of standards in force as on 31 March 2011 was 18610.

- A total of 4787 Indian Standards have been harmonized with international standards as on 31 March 2011. Considering the number of standards where corresponding ISO/IEC Standards exist, about 82 percent of Indian Standards are harmonized.
- 3151 Product Certification licences have been granted during the period under consideration. The total number of operative licences as on 31 March 2011 were 24145 (excluding Hallmarking).
- During the year 5 new products were covered for the first time under the product certification scheme These products are Open Ended Slugging Wrenches (Spanners) – IS 4508; Ring Slugging Wrenches (Spanners) – IS 4509, Pressed Ceramic Tiles – IS 15265, Flexible PVC Pipes – IS 15622, High Density Polyethylene (HDPE) Woven Beds for Vermin Culture – IS 15907.

- 31 मार्च, 2011 तक स्वर्ण आभूषणों के लिए हॉल-मार्किंग लाइसेंसों की संख्या बढकर 8098 हो गई, जबकि 31 मार्च, 2010 को यह संख्या 7393 थी। वर्ष में लगभग 247.77 लाख सोने/कलात्मक चीजों पर हॉलमार्क लगाया गया।
- 94 गुणता प्रबंध पद्धति प्रमाणन लाइसेंस, 19 पर्यावरण प्रबंध पद्धति प्रमाणन लाइसेंस, 5 व्यवसाय में स्वास्थ्य और सुरक्षा प्रबंध पद्धति प्रमाणन लाइसेंस प्रदान किए गए। 4 संगठनों के कई स्थलों पर सेवा गुणता प्रबंध पद्धति प्रमाणन लाइसेंस लागू हैं।
- भा मा ब्यूरो की मानक मुहर का दुरूपयोग करने वाली फर्मों पर समस्त देश में 135 छापे मारे गए।
- भा मा ब्यूरो प्रयोगशालाओं द्वारा जारी परीक्षण रिपोर्टों की संख्या 19282 रही। दिसंबर 2010 से स्वर्ण रेफरल मूल्यांकन प्रयोगशाला, चेन्नै ने सोने के आभूषण के नमूनों के परीक्षण शुरु किए हैं तथा 31 मार्च 2011 तक 33 टेस्ट रिपोर्ट जारी की है।
- विकासशील देशों के लिए मानकीकरण और गुणता आश्वासन में 43 वें अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम और प्रबंध पद्धतियों पर सातवें अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस वर्ष पहली बार प्रयोगशाला गुणता प्रबंधन पर अन्य अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया।
- अंतर्राष्ट्रीय मानकीकरण संगठन (आईएसओ) के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में 15 अक्तूबर, 2010 को विश्व मानक दिवस का आयोजन किया गया। वर्ष 2010 का विषय **'मानक सर्वजन हिताय'** था।
- दिनांक 25 अक्तूबर से 1 नवम्बर, 2010 तक 'सतर्कता जागरूकता सप्ताह' मनाया गया।
- 14 से 28 सितम्बर, 2010 तक हिन्दी पखवाडा मनाया गया, जिसमें हिन्दी की विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।
- दिनांक 31 मार्च, 2011 तक भा मा ब्यूरो में कुल 1639 व्यक्ति कार्यरत थे।

(शरद गुप्ता)
महानिदेशक

ई-मेल : dg@bis.org.in
वेबसाइट : www.bis.org.in

- The number of licences for Hallmarking of gold jewellery has grown from 7393 on 31 March 2010 to 8098 as on 31 March 2011. Around 247.77 lakh articles of gold jewellery/artefacts have been hallmarked during the year.
- 94 Quality Management System Certification licences, 19 Environmental Management Systems Certification licences, 5 Occupational Health and Safety Management Systems Certification licences were granted. 4 organizations with multi-sites are operating Service Quality Management System Certification.
- 135 enforcement raids were carried out all over India on firms misusing the BIS Standard Mark.
- Number of Test Reports issued by BIS Laboratories was 19282. Gold Referral Assaying Laboratory at Chennai has started testing of Gold Jewellery samples since Dec 2010 and has issued 33 test reports till 31 March 2011.
- Holding of the 43rd International Training Programme on Standardization and Quality Assurance for developing countries, and the 7th International Training Programme on Management Systems for developing countries. Another International Training Programme on Laboratory Quality Management was also organized during this year for the first time.
- Celebration of World Standards Day on 15 October 2010 to commemorate the establishment of the International Organization for Standardization (ISO). The theme for 2010 was "**Standards make the world accessible for all**".
- Observance of the 'Vigilance Awareness Week' from 25 October to 1 November 2010.
- Celebration of Hindi Pakhwara during 14-28 September 2010 wherein different competitions in Hindi were organized.
- As on 31 March 2011, a total of 1639 persons were on roll in BIS.

(Sharad Gupta)
Director General

e-mail : dg@bis.org.in
Website : www.bis.org.in

मानक

मानक निर्धारण

मानकों के निर्धारण के लिए भा मा ब्यूरो संबंधित विभाग परिषदों के तहत विषयों के विशिष्ट समूहों पर कार्य के लिए गठित विषय समितियों, उप-समितियों, और पैनलों के रूप में तकनीकी समिति-संरचना के माध्यम से कार्य करता है। विषय समितियों, उप-समितियों और पैनलों के साथ-साथ उनकी विभाग परिषदों में भा मा ब्यूरो के अधिकारी संगठित उपभोक्ता, उपभोक्ता निकायों, नियामक एवं अन्य सरकारी निकायों, उद्योगों, वैज्ञानिकों, प्रौद्योगिकिविदों परीक्षण संगठनों के प्रतिनिधि तथा वैयक्तिक विशेषज्ञ शामिल होते हैं।

भारतीय मानक (मानकों) के निर्धारण का प्रस्ताव केंद्रीय सरकार के किसी भी मंत्रालय, राज्य सरकारों, संघ शासित क्षेत्र के प्रशासनों, उपभोक्ता संगठनों, औद्योगिक इकाइयों, उद्योग संघों, पेशेगत निकायों, ब्यूरो सदस्यों तथा इसकी तकनीकी समितियों के सदस्यों द्वारा दिया जा सकता है। प्रस्ताव संबंधित विभाग परिषद् द्वारा अनुमोदित हो जाने के बाद भारतीय मानक के निर्धारण के लिए संबंधित विषय समिति उस पर मानक बनाती है।

वर्ष के दौरान सिविल इंजीनियरी, रसायन, विद्युत-तकनीकी, खाद्य एवं कृषि, यांत्रिक इंजीनियरी, प्रबंधन एवं पद्धतियों, धातुकर्म यांत्रिकी, पैट्रोलियम एवं कोयला संबंधी उत्पादों, वस्त्रादि, परिवहन इंजीनियरी और जल संसाधन विभागों की विभाग परिषदों की बैठकें हुई। विषय समितियों की 184 बैठकों के साथ-साथ बड़ी संख्या में उप-समितियों और पैनलों की बैठकों का भी आयोजन किया गया, जिनमें मानकों के मसौदों और तकनीकी दस्तावेजों पर विस्तार से विचार किया गया।

भा मा ब्यूरो की नीति नवीन प्रौद्योगिकियों पर मानक निर्धारण करने और अप्रचलित मानकों को वापस लेने की है। 2010-11 के दौरान भा मा ब्यूरो ने 338 मानक (137 नए और 201 पुनरीक्षित) बनाए।

महत्त्वपूर्ण मानक

वर्ष के दौरान कुछ महत्त्वपूर्ण विषयों पर नए निर्धारित अथवा पुनरीक्षित मानक निम्नानुसार हैं:

बम्बू के प्रयोग से ढांचागत डिजाइन — रीति संहिता

यह भारतीय मानक बम्बू के प्रयोग से डिजाइन एवं निर्माण संबंधी है जो भवन निर्माण सामग्री के रूप में कई सामाजिक एवं व्यापार उपलब्धियाँ इंजीनियरिंग मान्यता तथा उन्नत स्तर प्रदान करता है।

इस भारतीय मानक में यांत्रिक प्रतिरोध एवं ढ़ाँचों के टिकाऊपन के संबंध में भवनों में बम्बू के प्रयोग से ढ़ाँचागत डिजाइन में शामिल किए गए सामान्य सिद्धांत शामिल हैं। इसमें गुणता आश्वासन के लिए न्यूनतम सामर्थ्य आंकडें, आयामीय स्थिरता, ग्रेडिंग अपेक्षाएँ एवं पारंपरिक बम्बू जोडों को शामिल किया गया है। साइट पर कार्य, साइट से हटकर अवयवों को गढ़ना एवं साइट पर उन्हें खडा करने के आवश्यक

STANDARDS

STANDARDS FORMULATION

For formulation of Indian Standards, BIS functions through the Technical Committee structure in terms of Sectional Committees, Subcommittees and Panels set up for dealing with specific group of subjects under respective Division Councils. The Sectional Committees, Subcommittees and Panels as well as their Division Councils include concerned officials of BIS and representatives of various interests such as organized consumers, consumer bodies, regulatory and other government bodies, industries, scientists, technologists, testing organizations and individual experts.

A proposal for formulation of Indian Standard(s) may be submitted by any Ministry of the Central Government, State Governments, Union Territory Administrations, Consumer Organizations, Industrial Units, Industry Associations, Professional Bodies, Members of the Bureau and Members of its Technical Committees. The proposal is taken up for formulation of standards by an appropriate Sectional Committee with approval by the concerned Division Council.

Division Councils of Civil Engineering, Chemical, Electrotechnical, Food and Agriculture, Mechanical Engineering, Management and Systems, Metallurgical Engineering, Petroleum & Coal Related Products, Transport Engineering and Water Resources Departments met during the year. The meetings of 184 Sectional Committees, in addition to large number of Subcommittees and Panels were also held to consider draft standards and related technical documents in detail.

It is the policy of BIS to formulate Indian Standards on emerging technologies and withdraw obsolete standards. During 2010-11, BIS formulated 338 (137 new and 207 revised) standards.

Important Standards

Some of the important subjects on which new or revised standards were formulated during the year are given below:

Structural Design Using Bamboo — Code of Practice

This Indian Standard is on design and construction using bamboo which caters to a number of social and trade advantages, engineering recognition and an improved status as a building material.

This Indian Standard covers the general principles involved in the structural design using bamboo in buildings with regard to mechanical resistance and durability of structures. It covers minimum strength data, dimensional stability, grading requirements and traditional bamboo joints for quality assurance. Work on site, fabrication of components off-site and their erection on site is covered

निश्चेतना गैस संमार्जक पद्धति (एजीएसएस) टर्मिनल यूनिटें निश्चेतना गैस संमार्जक पद्धति में ऐसे बिंदु हैं जहाँ ऑपरेटर चिकित्सा गैसों के निपटान तथा निश्चेतना मशीनों या चिकित्सा उपकरण की अन्य मदों से निश्चेतना वाष्पकणों के कनेक्शन करते या कनेक्शन हटाते हैं तथा जहाँ एक गलत कनेक्शन रोगी को जोखिम में डाल सकता है। यह महत्त्वपूर्ण है कि टर्मिनल यूनिटों एवं उनके घटकों को इस प्रकार डिजाइन, निर्मित, संस्थापित तथा अनुरक्षित किया जाए कि वे इस मानक के भाग में निर्दिष्ट आधारभूत अपेक्षाओं को पूरा करें।

यह भारतीय मानक सामग्रियों की उपयुक्तता, टाइप विशेषता, प्रोबों के आयाम तथा टाइप विशेष कनेक्शन पाईंट, सफाई, परीक्षण, पहचान एवं आपूर्तित सूचना पर विशेष ध्यान देता है।

यह भारतीय मानक टर्मिनल यूनिटों के संस्थापन और उसके बाद उनके परीक्षण के लिए सूचना के प्रावधान निर्दिष्ट करता है। टर्मिनल यूनिटों का उपयोग करने से पहले उनपर परीक्षण करना रोगी की सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण है और यह आवश्यक है कि जब तक उनका परीक्षण पुर्णरूपेण पुर्ण न कर दिया जाए तब तक टर्मिनल यूनिटों का उपयोग न किया जाए।

जोखिम प्रबंधन – सिद्धांत एवं मार्गदर्शी सिद्धांत (आईएस/ आईएसओ 31000 : 2009)

यह भारतीय मानक आईएसओ 31000 का अधिग्रहण है। संगठन की सभी गतिविधियों में जोखिम शामिल होता है। संगठन जोखिम को चिन्हित करके, इसे विश्लेषित करके तथा आकलन करके उसे व्यवस्थित करते हैं। अपने जोखिम मानदण्डों की संतुष्टि के लिए उनका उपचार करके उनमें संशोधन किया जाए या नहीं, इसका मूल्यांकन करते हैं। जब सभी संगठन कुछ अंश तक जोखिम व्यवस्थित करते हैं तो यह मानक कई ऐसे मार्गदर्शी सिद्धांत स्थापित करता है जो जोखिम प्रबंधन को प्रभावी बनाने के लिए जरूरी हैं।

यह भारतीय मानक जोखिम प्रबंधन संबंधी सिद्धांतों एवं जेनेरिक मार्गदर्शी सिद्धांत उपलब्ध कराता है। यह किसी उपयोग या सेक्टर से संबद्ध नहीं है बल्कि किसी भी प्रकार के जोखिम पर यह लागू किया जा सकता है, चाहे उसकी प्रकृति कुछ भी हो, चाहे उसके नकारात्मक या सकारात्मक परिणाम ही हो। यद्यपि, यह मानक जेनेरिक मार्गदर्शी सिद्धांत उपलब्ध कराता है, तथापि यह संगठनों में जोखिम प्रबंधन की एकरूपता को बढावा देने के लिए अभिप्रेत नहीं है। जोखिम प्रबंधन योजनाओं तथा कार्य योजनाओं के डिजाइन तथा कार्यान्वयन के लिए विशिष्ट संगठन की भिन्न-भिन्न जरूरतों को ध्यान में रखना जरूरी होगा।

यह अभिप्रेत है कि इस मानक का उपयोग वर्तमान एवं भविष्य के मानकों में जोखिम प्रबंधन प्रक्रियाओं को सुमेलित करने के लिए किया जाए। यह विशेष जोखिमों एवं/या सेक्टरों में मानकों के समर्थन में एक आम दृष्टिकोण प्रदान करता है तथा उन मानकों का विकल्प नहीं है। यह मानक प्रमाणन के प्रयोजन के लिए नहीं है।

वेल्डित गैस सिलिंडर के निर्माण में उच्च तनन सामर्थ्य फ्लैट रोल्ड स्टील प्लेट (6 मिमी तक), शीट एवं पटिट्याँ

इस भारतीय मानक में वेल्डित गैस सिलिंडर के निर्माण में डीप ड्रॉईंग गुणता हॉट रोल्ड स्टील प्लेट (6 मिमी तक) शीट तथा पटिट्यों की

Anaesthetic Gas Scavenging System (AGSS) terminal units are the points in an anaesthetic gas scavenging system where the operator makes connections and disconnections for the disposal of medical gases and anaesthetics vapours from anaesthetic machines or other items of medical equipment, and where a wrong connection can create a hazard to the patient. It is important that terminal units and their components be designed, manufactured, installed and maintained in such a way as to meet the basic requirements specified in this part of standard.

This Indian Standard pays particular attention to suitability of materials, type specificity, dimensions of probes and type-specific connection points, cleanliness, testing, identification and information supplied.

This Indian Standard specifies the provision of information for the installation and subsequent testing of terminal units. Testing of terminal units prior to use is critical to patient safety, and it is essential that terminal units are not used until full testing has been completed.

Risk Management – Principles and Guidelines (IS/ISO 31000 : 2009)

This Indian standard is an adoption of ISO 31000. All activities of an organization involve risk. Organizations manage risk by identifying it, analysing it and then evaluating whether the risk should be modified by risk treatment in order to satisfy their risk criteria. While all organizations manage risk to some degree, this standard establishes a number of principles that need to be satisfied to make risk management effective.

This Indian Standard provides principles and generic guidelines on risk management. It is not specific to any industry or sector. It can be applied to any type of risk, whatever its nature, whether having positive or negative consequences. Although this standard provides generic guidelines, it is not intended to promote uniformity of risk management across organizations. The design and implementation of risk management plans and frameworks will need to take into account the varying needs of a specific organization.

It is intended that this standard be utilized to harmonize risk management processes in existing and future standards. It provides a common approach in support of standards dealing with specific risks and/or sectors, and does not replace those standards. This standard is not intended for the purpose of certification.

High Tensile Strength Flat Rolled Steel Plate (Upto 6 mm), Sheet and Strip for the Manufacture of Welded Gas Cylinder

This Indian Standard covers the requirements for deep drawing quality hot rolled steel plate (upto 6 mm), sheet

अपेक्षाएँ शामिल हैं। यह विशिष्टि पतले गेज वाले गैस सिलिंडर के उत्पादन को सरल करेगी जिससे घरेलू/ऑटो तथा औद्योगिक सिलिंडरों का वजन कम होगा। इन हल्के वजन वाले सिलिंडरों के लाभ में प्रति क्विंटल स्टील में ज्यादा सिलिंडर बनाना तथा रख-रखाव एवं परिवहन में आसानी होना शामिल है।

हॉट रॉल्ड मीडियम एवं उच्च तनन संरचना इस्पात

इस मानक में संरचनागत कार्यों में प्रयोग के लिए माइक्रो-मिश्रित इस्पात प्लेटें, पटिट्याँ, आकार तथा सेक्शन (एंगल, टी, बीम, चैनल इत्यादि), फ्लैट, बार इत्यादि सहित इस्पात की अपेक्षाएँ शामिल हैं। इस्पात वेल्डित बोल्ट लगे एवं रिबेट किए गए ढ़ाँचों तथा सामान्य इंजीनियरिंग प्रयोजनार्थ उपयुक्त हैं।

नदी घाटी परियोजनाओं के निर्माण, आपरेशन एवं रख-रखाव की सुरक्षा संहिता: भाग 11 भूमिगत उत्खनन

इस मानक में अंडरग्राउंड पावर हाउस, ट्रांसफार्मर केवर्न, सुरंगें, शाफ्ट जैसे सर्ज शाफ्ट, प्रेशर शाफ्ट तथा केबल शाफ्ट अतिरिक्त रूप से चलित मध्यवर्ती सुरंगें (एडीआईटी) तथा नदी घाटी परियोजनाओं से जुड़े ऐसे अन्य ढ़ाँचों के लिए भूमिगत उत्खनन के दौरान लिए जाने वाले सुरक्षा पहलुओं की अपेक्षाएँ दी गई हैं। इनके आपरेशन एवं रख-रखाव के दौरान अनुपालित किए जाने वाले सुरक्षा उपायों को भी इसमें वर्णित किया गया है।

किसी प्रकार के ढ़ाँचों से उत्खनन के दौरान सुरक्षा अपेक्षा ढ़ाँचों के निर्माण प्रक्रिया की किस्में, स्ट्रेटा के प्रकार तथा कार्यस्थल पर लगाए गए कर्मियों की संख्या तथा मशीनों के प्रकार के अनुरुप भिन्न-भिन्न हो सकती हैं। उचित ढंग से सुरक्षा अपेक्षाओं को कार्यान्वित करने के लिए समुचित शिक्षा तथा आयोजन जरूरी है।

भवनों के भूकम्प प्रतिरोधी डिजाइन एवं निर्माण — रीति संहिता (आईएस 4326)

यह मानक पूर्व संविरचित फ्लोरिंग/रूफिंग घटकों सहित आयताकार चिनाई इकाइयों, इमारती लकडी के निर्माण तथा भवनों के प्रयोग से चिनाई निर्माण सहित भूकम्परोधी भवनों के डिजाइन एवं निर्माण की सामग्रियों के चयन तथा विशेष फीचरों संबंधी कार्य से संबंधित है।

इस मानक में पारम्परिक किस्मों के भूकम्परोधी भवनों के डिजाइन एवं निर्माण के विशिष्ट लक्षण शामिल हैं। अन्य भवनों के मामलों में, भूकम्प बलों का विस्तृत विश्लेषण आवश्यक होगा। स्टील डिजाइन भूकम्पीय अक्षांश तथा इस्पात प्रबलन का उपयोग करके बने परिकलन की रेंज के आधार पर दीवारों तथा ओपनिंग के जेम्ब में कोनों और जंक्शन पर विभिन्न क्षैतिज बैंड़ तथा ऊर्ध्वाधर इस्पात में ओपनिंग पर प्रतिबंध तथा इस्पात के प्रावधान के बारे में सिफारिशें हैं।

and strip for the manufacture of welded gas cylinder. This specification will facilitate production of thinner gauge gas cylinder which in turn would reduce the weight of domestic/auto and industrial cylinders. Benefit of these light weight cylinders includes more number of cylinders per ton of steel and ease of handling and transportation

Hot Rolled Medium and High Tensile Structural Steel

This Indian Standard covers the requirements of steel including micro-alloyed steel plates, strips, shapes and sections (angles, tees, beams, channels, etc), flats, bars etc, for use in structural work. The steels are suitable for welded, bolted and riveted structures and for general engineering purposes.

Safety Code for Construction, Operation and Maintenance of River Valley Projects: Part 11 Underground Excavation

This Indian Standard lays down requirements for the safety aspects to be taken during underground excavation for structures like Underground Power House, Transformer Cavern, Tunnels, Shafts such as Surge shaft, Pressure shaft and Cable shaft, Additionally Driven Intermediate Tunnel (ADITs) and such other structures associated with River Valley Projects. Safety measures that should be followed during their operation and maintenance are also described.

The safety requirement during excavation for any structure may vary according to the type of structure, type of construction methodology, type of strata encountered and number of men and type of machinery deployed at site. Proper education and organization is necessary for safety requirements to be implemented in a proper manner.

Earthquake Resistant Design and Construction of Buildings — Code of Practice (IS 4326)

This Indian Standard deals with the selection of materials, special features of design and construction for earthquake resistant buildings including masonry construction using rectangular masonry units, timber construction and buildings with pre-fabricated flooring/roofing elements.

This Indian Standard covers the specified features of design and construction for earthquake resistance of buildings of conventional types. In case of other buildings, detailed analysis of earthquake forces shall be necessary. Recommendations regarding restrictions on openings, provision of steel in various horizontal bands and vertical steel at corners and junctions in walls and at jambs of openings are based on a range of calculations made using steel design seismic coefficient and the ductility of steel reinforcement.

शैक्षिक संस्थानों में अग्नि से सुरक्षा – रीति संहिता (आईएस 14435)

शैक्षिक भवनों की कार्यात्मक जरूरतें अन्य भवनों से अलग तरह की है। अत: इस प्रकार के भवनों के लिए आग से सुरक्षा के विशेष उपयुक्त उपाय अपेक्षित हैं। इस मानक में शैक्षिक संस्थानों की अग्नि सुरक्षा अपेक्षाएँ शामिल हैं।

शैक्षिक भवनों में अग्नि के जोखिमों को भवनों की समुचित योजनाओं, सामग्री एवं घटकों, विद्युतीय उपकरणों के उचित चयन तथा अग्नि संसूचना तथा रोकथाम सिस्टम के उपयुक्त प्रावधान करके कुछ पूर्व नियत अग्नि सुरक्षा उपायों को अपना करके पर्याप्त रूप से कम किया जा सकता है।

होटलों में अग्नि सुरक्षा – रीति संहिता (आईएस 13716)

विश्व भर में होटलों में जान-माल के हालिया नुकसान ने होटल उद्योग में अग्नि से सुरक्षा पर मार्गदर्शी सिद्धांतों की जरूरत पर प्रकाश डाला है। होटलों में जान का नुकसान मुख्यत: होटलों के डिजाइन में अंतर्निहित तलों के अभिविन्यास, आग एवं धुएं के कई रास्तों से अतिथियों की अनभिज्ञता के कारण होता है। संपत्ति का नुकसान भवन की ज्वलनशील सामग्रियों, फर्नीचर, साज-सज्जा के साथ उच्च उर्जा के प्रयोग के कारण होता है।

इस भारतीय मानक में होटल के भवनों में आग से सुरक्षा की अपेक्षाएँ शामिल हैं। इस मानक का उद्देश्य उन उपायों को निर्दिष्ट करना है जो जानमाल के नुकसान को कम करते हैं।

संवातन तथा वर्षा जल पद्धति सहित भवनों के अंदर एवं बाहर मृदा तथा अपशिष्ट निकास की पद्धति के लिए अप्लास्टीकृत पोलीविनाइल क्लोराइड (पीवीसी-यु) के पाईपों की विशिष्टि (आईएस 13592)

इस भारतीय मानक में संवातन, वर्षा जल हार्वेस्टिंग अनुप्रयोगों सहित भवनों के अंदर तथा बाहर मिट्टी तथा अपशिष्ट पदार्थों को निकालने की पद्धति के लिए नॉमिनल बाहरी व्यास 40 मिमी से 315 मिमी तक के प्लेन तथा साकेट सिरेवाली अप्लास्टीकृत पोलीविनाइल क्लोराइड (पीवीसी-यु) पाईपों की अपेक्षाएँ शामिल हैं तथा इसे व्यापक रूप से कार्यान्वित किया गया है। पुनरीक्षण में प्रमुख संशोधन किए गए हैं जो इस प्रकार है: (i) 315 मिमी तक के नॉमिनल बाहरी व्यास वाले पाईपों को शामिल किया गया है, तथा (ii) 'इफेक्ट ऑन सनलाइट' परीक्षण पद्धति को संशोधित किया गया है।

रासायनिक प्रयोगशालाएँ – सुरक्षा संहिता (आईएस 4209)

दो तथ्यों से रासायनिक प्रयोगशालाओं के स्तम्भों की सुरक्षा संहिता की जरूरत है—पहला रसायनों की प्रकृति तथा प्रहस्तन जोखिम तथा दूसरा रासायनिक प्रयोगशालाओं में आवश्यक उपकरण सुविधाओं की अपर्याप्तता या प्रहस्तन जैसे विद्युत ग्लासवेयर, मशीनरी उपकरण, गैस, स्टीम, वॉटर, उच्च/कम तापमान एवं दबाव के कारण जोखिम अभिकर्मकों एवं विलायकों के रूप में प्रयुक्त असंख्य रसायन ज्वलनशील/आविषालु/संक्षारी/विषैले इत्यादि होते हैं तथा शारीरिक ऊतकों के लिए नुकसानदायक/प्रदाहजनक होते हैं।

Fire Safety in Educational Institutions – Code of Practice (IS 14435)

Functional need of educational building is different from other buildings. It therefore requires specific fire safety measures suited to such type of building. This standard covers fire safety requirements in educational institutions.

The hazards of fire in educational buildings can be considerably lowered by adoption of certain pre-determined fire safety measures with regard to proper planning of buildings, choice of proper materials and components, electrical equipments and making suitable provisions for fire detection and suppression system.

Fire Safety in Hotels – Code of Practice (IS 13716)

Recent fire losses in terms of life and property in hotel fires all over the world have highlighted the need for guidance on fire safety in hotel industry. Life hazard in hotel industry depends mainly on the guests being ignorant of the layout of the floor and numerous paths of fire and smoke spread inherent in the building design. Property loss is due to use of variety of combustible building materials, furniture, decorations, combined with high energy use.

This Indian Standard covers the fire safety requirements in hotel buildings. The objective of this standard is to specify measures which shall reduce the damage to life and property to a minimum.

Unplasticized Polyvinyl Chloride (PVC-U) Pipes for Soil and Waste Discharge System for Inside and Outside Buildings Including Ventilation and Rain Water System – Specification (IS 13592)

This Indian Standard covers requirements for plain and socket end unplasticized polyvinyl chloride (PVC-U) pipes with nominal outside diameters 40 mm to 315 mm for use for soil and waste discharge system inside and outside buildings including ventilation, rain water and rain water harvesting applications and has been implemented widely. In the revision the major modifications that have been made are: (i) pipes of nominal outside diameters up to 315 mm have been included, and (ii) method for 'Effect on Sunlight' test has been modified.

Chemical Laboratories – Code of Safety (IS 4209)

The need for a code of safety for chemical laboratories stems from two factors, first due to hazards inherent in the nature and handling of chemicals, and second due to hazards from inadequacy or handling of instrumental facilities necessary in chemical laboratories, such as electricity, glassware, machinery equipment, gas, steam, water, apparatus for high/low temperature and pressure. Innumerable chemicals used as reagents and solvents are flammable/toxic/corrosive/poisonous, etc, and are harmful/irritants to body tissues.

इस भारतीय मानक का पुनरीक्षण नवीनतम सुरक्षा रीतियों को जोड़ने के लिए किया गया। पुनरीक्षण में बहुत कम तापमान पर स्पिलेज, विद्युतीय संस्थापन तथा रसायनों के प्रहस्तन सहित सुरक्षित निपटान, असंसर्गी सामग्रियों, सुरक्षित प्रक्रियाओं पर सामान्य मार्गदर्शी सिद्धांत जोड़े गए हैं।

राष्ट्रीय प्रकाश संहिता – 2010 (एसपी 72)

राष्ट्रीय प्रकाश व्यवस्था संहिता – 2010 (एनएलसी) को प्रकाश व्यवस्था की अच्छी रीतियों और पद्धतियों को प्रोत्साहित करने की मंशा से प्रकाशित किया गया है जो निरापदता, सुरक्षा, उपयोगिता तथा उत्पादकता बनाए रखकर लाईट प्रदूषण, भड़कीला, प्रकाश अतिक्रमण को कम करेगा तथा उर्जा का संरक्षण करेगा। संहिता में निम्नलिखित शामिल हैं :

i) आक्यूपेसी के विभिन्न प्रकारों में अपनाई जाने वाली प्रदीपन इंजीनियरिंग रीतियों पर मार्गदर्शन;

ii) आंतरिक एवं बाहरी क्षेत्रों में प्रकाश व्यवस्था पद्धति के डिजाइन, चयन, संस्थापन एवं रख-रखाव में अनुपालित की जाने वाली इंजीनियरिंग की अच्छी रीतियों पर मार्गदर्शन;

iii) प्रतिपन विज्ञान से संबंधित मामले जैसे प्रकाश की भौतिकी, विद्युत प्रकाश के स्रोत, प्रदीप्ति तथा फोटोमीट्री;

iv) दिन में प्रकाश व्यवस्था जैसे लाईटिंग पद्धति को डिजाइन करते समय विचार किए जाने वाले समन्वयन के पहलू;

v) लाईटिंग संस्थापन में ऊर्जा प्रबंधन तथा ऊर्जा संरक्षण संबंधी पहलू।

इस संहिता में अच्छी नियामक रीतियाँ शामिल हैं जिन्हें तत्काल अपनाया जा सकता है या विभिन्न विभागों तथा सार्वजनिक निकायों द्वारा प्रयोगार्थ अधिनियमित किया जा सकता है। यह लाईटिंग स्तरों तथा प्रमात्रा तथा सुरक्षा मानदंडों के संबंध में लोकहित की सुरक्षा के आवश्यक न्यूनतम उपबंधों के सेट को निर्धारित करता है। लाईटिंग उत्पादों के चयन तथा लाईटिंग डिजाइन की पद्धति पर विस्तृत मार्गदर्शी सिद्धांत संहिता में हैं तथापि उपयोगकर्ताओं, डिजाइनरों, आर्किटेक्ट तथा परामर्शदाताओं की विदग्धता के लिए पर्याप्त विषय क्षेत्र रखा गया है।

राष्ट्रीय विद्युत संहिता – 2011 (एसपी 30)

बिजली का झटका, जलन या आग के रूप में बिजली के जोखिम से जानमाल तथा संपत्ति का नुकसान होता है तथा पुन:स्थापना में अधिक समय भी लगता है। अधिकांश जोखिमों को संस्थापन के डिजाइन, उपकरणों के चयन तथा पर्याप्त रख-रखाव के माध्यम से रोका जा सकता है। राष्ट्रीय विद्युत संहिता (एसपी 30) को जोखिम वाले क्षेत्रों सहित विभिन्न स्थानों के इन पहलुओं को शामिल करने व विद्युत संस्थापना के डिजाइन निष्पादन, निरीक्षण तथा रख-रखाव में सुरक्षित और विद्युत ऊर्जा की एकीकृत अच्छी रीतियों और मितव्ययी उपयोग उपलब्ध करने के लिए सन 1985 में पहली बार प्रकाशित किया गया।

Revision of the Indian Standard was taken up in order to incorporate the latest safety practices. In the revision the general guidelines on safe disposal, incompatible materials, safe procedures to deal with spillage, electrical installations, and handling of chemicals at very low temperature have been incorporated.

National Lighting Code — 2010 (SP 72)

The National Lighting Code – 2010 (NLC) has been published with the intention to encourage good lighting practices and systems which would minimize light pollution, glare, light trespass and conserve energy while maintaining safety, security, utility and productivity. The code covers the following:

i) Guidance on illuminating engineering practices to be followed by various types of occupancies;

ii) Guidance on good engineering practices to be followed in the design, selection, installation and maintenance of lighting system for indoor and outdoor areas;

iii) Matters related to the science of illumination, such as physics of light, electric light sources, luminaries and photometry;

iv) Co-ordination aspects to be considered while designing the lighting system, such as day lighting; and

v) Aspects relating to energy management and energy conservation in lighting installation.

The Code contains good regulatory practices which can be immediately adopted or enacted for use by various departments and public bodies. It lays down a set of minimum provisions necessary to protect the interest of the public with regard to lighting levels and quantity and safety parameters. For the choice of lighting products and method of lighting design, detailed guidelines have been provided in the Code, still leaving enough scope for the ingenuity of the user, designer, architects and consultants.

National Electrical Code — 2011 (SP 30)

Electrical hazards in the form of electrical shock, burns or fire, cause loss of life and property and also take lot of time in restoration. Most of these hazards can be prevented through proper design of installation, selection of equipment and adequate maintenance. National Electrical Code (SP 30) was first published in 1985 to cover these aspects and provide for unified best practices for safe and economic usage of electrical energy in the design, execution, inspection and maintenance of electrical installations of various locations including hazardous area. In view of tremendous socio-economic

वर्षों से जबरदस्त सामाजिक आर्थिक बदलाव, जिसके विद्युत के प्रयोग के तरीकों में बदलाव आया है, प्रौद्योगिकी में बदलाव, संस्थापन रीतियों में संशोधन, *उर्जा संरक्षण अधिनियम* 2001 तथा *विद्युत अधिनियम* 2003 की अधिसूचना, पावर सेक्टर सुधार इत्यादि को ध्यान में रखकर राष्ट्रीय विद्युत संहिता का पुनरीक्षण आवश्यक समझा गया।

इस हैंडबुक के पुनरीक्षण में, वर्तमान प्रावधानों को अद्यतन किया गया है और नए विषय जैसे सौर फोटोवोल्टिक ऊर्जा प्रणाली, ऊर्जा दक्षता, वोल्टता तरंगों के विरुद्ध संरक्षण, संघट्ट प्रतिदिप्ति लैम्पों के संदर्भ, एक्सएलपीई केबल इत्यादि तथा मिनियेचर परिपथ ब्रेकर तथा अवशिष्ट धारा युक्तियों जैसी सुरक्षा युक्तियों इसमें जोड़ी गई ताकि अद्यतन प्रौद्योगिकी के साथ गति बनाई रखी जा सके और डिजाइन इंजीनियरों और कार्यान्वयन करने वाली एजेंसियों के लिए इस संहिता को और अधिक उपयोगी बनाया जा सके।

सक्रिय ऊर्जा के लिए प्रत्यावर्ती धारा दिष्ट धारा स्थैतिक प्री-पेमेंट मीटर (श्रेणी 1 व 2) (आईएस 15884)

प्री-पेमेंट मीटरों का उपयोग उस स्थिति में किया जाता है जब ग्राहक और आपूर्तिकर्ता के बीच टैरिफ के भुगतान के संदर्भ में प्री-पेमेंट मीटर के नियंत्रण के अधीन बिजली ऊर्जा की आपूर्ति में बाधा डाली जा सके या इसे पुन: रिस्टोर किया जा सके। प्री-पेमेंट मीटर आपको यह अनुमति देता है कि आपने जितनी बिजली का उपयोग किया है, उतना ही आप भुगतान कर सके। यदि आपके द्वारा किया गया भुगतान समाप्त हो जाता है तो बिजली की आपूर्ति रिले द्वारा कट ऑफ कर दी जाती है।

उपलब्ध जमा के अनुसार एकल फेस और तीन फेस के संतुलित और असंतुलित लोड के लिए 50 हर्टज के प्रत्यावर्ती धारा वैद्युत सक्रिय ऊर्जा के मापन, पंजीकरण और वितरण के लिए वर्ग 1 और 2 की एक्यूरेसी के दिष्ट संपर्कित स्थैतिक वाट घंटा प्री-पेमेंट मीटरों पर यह भारतीय मानक लागू है। यह उनके प्रकार, स्वीकार्यता तथा नैमित्तिक परीक्षणों पर लागू है।

प्रतिरक्षा अभिलक्षण ध्वनि और दूरदर्शन प्रसारण रिसीवरों और संबद्ध उपस्कर की सीमाएँ और मापन पद्धति (आईएस 12552)

यह भारतीय मानक ध्वनि और दूरदर्शन रिसीवरों (जैसे रेडियो और टीवी) तथा संबद्ध उन उपस्कर को उनके विक्षोभ सिग्नलों के प्रतिरक्षा अभिलक्षणों के संदर्भ में मापन की पद्धतियों तथा लागू सीमाएँ निर्दिष्ट करता है, जो आवासीय, व्यावसायिक और हल्के औद्योगिक पर्यावरण के लिए वांछित है। यह मानक व्यक्तिगत अभीग्रहण के लिए डायरेक्ट टू होम (डीटीएच) सैटेलाइट अभिग्राही प्रणालिगों की बाहरी इकाइयों की प्रतिरक्षा पर भी लागू है।

रेडियो विक्षोभ अभिलक्षणों के मापन की सीमाएँ और पद्धतियाँ: भाग 7 सूचना प्रौद्योगिकी उपस्कर [आईएस 6873 (भाग 7)]

इस प्रकाशन का उद्देश्य विक्षोभ की सीमा निर्धारित करने, मापन की पद्धतियों का वर्णन करने तथा प्रचालन अवस्थाओं का मानकीकरण

changes over the years which have impacted the pattern of the usage of electricity; changes in technology; modification in installation practices; notification of The Energy Conservation Act, 2001 and The Electricity Act 2003; power sector reforms; etc, revision of the National Electrical Code was considered necessary.

In the revision of the handbook, the existing provisions were updated, and also new topics, such as Solar Photovoltaic Energy Systems, Energy Efficiency, protection against voltage surges, reference to compact fluorescent lamps, XLPE cables etc, and safety devices such as miniature circuit breakers and residual current devices were added in order to keep up with the latest technology and make the Code useful to the design engineer as well as implementing agencies.

Alternating Current Direct Connected Static Prepayment Meters for Active Energy (Class 1 & 2) (IS 15884)

Prepayment meters are used in situations where the supply of electrical energy to the load may be interrupted or its restoration enabled under the control of the prepayment meter in relation to a payment tariff agreed between the customer and the supplier. Pre-payment meters allow you to pay for your electricity as you use it. If the available credit is exhausted then the supply of electricity is cut off by a relay.

The Indian Standard applies to direct connected static watt-hour pre-payment meters of accuracy classes 1 and 2, for the measurement, registration and dispensation of alternating current electrical active energy of 50 Hz for single-phase and three-phase balanced and unbalanced loads in accordance with available credit. It applies to their type, acceptance and routine tests.

Limits and Methods of Measurements of Immunity Characteristics Sound and Television Broadcast Receivers and Associated Equipment (IS 12552)

This Indian Standard describes the methods of measurement and specified limits applicable to sound and television receivers (like Radio & TV) and to associated equipment intended for use in the residential, commercial and light industrial environment with regard to their immunity characteristics to disturbing signals. This standard is also applicable to the immunity of outdoor units of direct to home (DTH) satellite receiving systems for individual reception.

Limits and Methods of Measurements of Radio Disturbances Characteristics: Part 7 Information Technology Equipment [IS 6873 (Part 7)]

The intention of this publication is to establish uniform requirements for the radio disturbance level of the

करने और परिणामों की व्याख्या करने के लिए विषय क्षेत्र में समाहित सूचना प्रौद्योगिकी उपस्करों के लिए रेडियो विक्षोभ स्तर की एक समान अपेक्षाएँ स्थापित करना है।

रेडियो विक्षोभ अभिलक्षणों के मापन की सीमाएँ और पद्धतियों: भाग 4 औद्योगिक, वैज्ञानिक तथा चिकित्सकीय रेडियो फ्रीक्वेंसी उपस्कर [आईएस 6873 (भाग 4)]

यह भारतीय मानक 0 Hz से 400 GHz की फ्रीक्वेंसी रेंज में प्रचालित औद्योगिक, वैज्ञानिक और चिकित्सकीय विद्युत उपस्करों और घरेलू तथा समान साधित्रों, जो स्थानीय रेडियो-फ्रीक्वेंसी ऊर्जा को उत्पन्न करने तथा/अथवा उनका उपयोग करने के लिए डिजाइन किए गए हैं, पर लागू होता है। इसमें इन उपस्करों के लिए रेडियो फ्रीक्वेंसी (आरएफ) विक्षोभ से संबद्ध उत्सर्जन अपेक्षाएँ शामिल हैं।

सूचना और प्रलेखन – सूचना विनिमय का फॉर्मेट (आईएस 14873)

इस मानक का पहला पुनरीक्षण अंतर्राष्ट्रीय मानक आईएसओ 2709 : 2008 सूचना और प्रलेखन – सूचना विनिमय के फॉर्मेट को अपनाकर तैयार किया गया है।

यह भारतीय मानक सामान्यीकृत विनिमय फॉर्मेट की अपेक्षाएँ निर्दिष्ट करता है जिसमें ग्रंथ सूची विवरण के साथ-साथ अन्य सभी प्रकार के रिकॉर्ड के सभी रूपों में उपलब्ध सामग्री का विवरण देने वाले रिकार्ड होंगे। इसमें वैयक्तिगत रिकॉर्डों की लंबाई और विषय सूची परिभाषित नहीं की गई है। यह टैगों, इंडिकेटरों अथवा आइडेंटिफायरों को किसी प्रकार का अर्थ असाइन नहीं करते, क्योंकि ये विशिष्टियाँ कार्यान्वयन फॉर्मेट के प्रकार्य हैं।

यह भारतीय मानक सामान्यीकृत संरचना, फ्रेम वर्क, जो विशेषत: डाटा संसाधन प्रणाली के बीच संप्रेषण के लिए है, का विवरण देता है और जो प्रणाली के भीतर संसाधन फॉर्मेट के रूप में नहीं है।

खिलौनों की निरापदता: भाग 1 याँत्रिक और भौतिक गुणधर्मों से संबद्ध निरापदता पहलू [आईएस 9873 (भाग 1)/आईएसओ 8124-1 : 2009]

यह भारतीय मानक आईएसओ 8124-1 को अपनाकर बनाया गया है और सभी खिलौनों अर्थात कोई भी उत्पाद अथवा सामग्री, जो 14 वर्ष तक की उम्र के बच्चों द्वारा खेल में प्रयुक्त होने के लिए स्पष्ट रूप से डिजाइन की गई है, पर लागू है। ये उस खिलौने पर लागू हैं जो आरंभ में उपभोक्ता लेता है, और इसके अलावा, ये तब तक लागू होते हैं जब खिलौने को सामान्य उपयोग के दौरान उपयुक्त रूप से अनदेखी अवस्थाओं में रखा जाए और विशेष रूप से उसके दुरूपयोग को अन्यथा नोट न किया जाए।

